श्री एम.वी. राव का संक्षिप्त प्रोफ़ाइल

श्री एमवी राव दिनांक 1 मार्च, 2021 से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं. वर्तमान पद का प्रभार संभालने के पूर्व, श्री राव तीन वर्षों से अधिक समय तक केनरा बैंक में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य कर चुके हैं.

एक अनुभवी बैंकर, श्री राव कृषि में पोस्ट ग्रेजुएशन हैं और उन्होंने वर्ष 1988 में पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक (अब इंडियन बैंक) के साथ अपने व्यावसायिक कैरियर की शुरुआत की थी. नेतृत्व की भूमिकाओं में साढ़े तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, श्री राव की विशेषज्ञता बैंकिंग के सभी क्षेत्रों में है, जिसमें कॉर्पोरेट क्रेडिट, रिटेल एसेट्स, ट्रेजरी मैनेजमेंट, मानव संसाधन, क्रेडिट पॉलिसी और मॉनिटरिंग, तनावग्रस्त संपत्ति प्रबंधन, डिजिटल बैंकिंग, जोखिम प्रबंधन, बिजनेस प्रोसेस ट्रांसफॉर्मेशन इत्यादि शामिल हैं.

कार्यकारी निदेशक के रूप में, श्री राव ने केनरा बैंक में सिंडिकेट बैंक के सुचारू विलय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

श्री राव को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यनिष्पादन में परिवर्तन लाने का श्रेय दिया जाता है, जिसने छह वर्षों तक लगातार घाटे में रहने के बाद अब निरंतर लाभप्रदता के दौर की शुरुआत की है. उनके नेतृत्व में, बैंक ने न केवल व्यापार विस्तार में बल्कि अपने आस्ति पोर्टफोलियो में गुणात्मक सुधार के मामले में भी तेजी से प्रगति की है. भविष्य की प्रमुख पहलों की शुरुआत करने के बाद, बैंक अब बैंकिंग क्षेत्र में एक अग्रणी खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए एक पूर्णत: तैयार है.

श्री राव यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के अलावा भारतीय निर्यात आयात बैंक (एक्जिम बैंक) के बोर्ड में निदेशक हैं. इसके अतिरिक्त, वह बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस), मुंबई के अध्यक्ष, भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (आईआईबीएफ), मुंबई के उपाध्यक्ष और भारतीय बैंक प्रबंधन संस्थान, गुवाहाटी के अधिशासी बोर्ड के सदस्य भी हैं.

उपर्युक्त के अलावा, श्री राव भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय बैंक संघ द्वारा गठित विभिन्न समितियों के सदस्य भी हैं.

****